प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

कांग्रेस मंथन

लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही प्रदेश में राजनीतिक सरगर्मियां तेज़ हो गई हैं। भाजपा ने जहां चार लोकसभा सीटों में से दो पर अपने प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए हैं, वहीं कांग्रेस पार्टी आज नई दिल्ली में प्रत्याशियों के नाम पर मंथन करेगी। कांग्रेस पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति की बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और पार्टी के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू भी भाग लेंगे। इससे पूर्व कल मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश के संभावित प्रत्याशियों को लेकर पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं से चर्चा की। आज प्रदेश के 6 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव को लेकर भी प्रत्याशियों के नाम पर चर्चा की जाएगी। प्रतिभा सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी एकजुटता के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी और लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव में सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगी।

आबकारी विभाग

प्रदेश में लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है और ऐसे में राज्य कर व आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब पर रोक और मतदाताओं को लुभाने के प्रयासों पर रोकथाम के लिए व्यापक अभियान शुरू किया गया है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में 22 अंतर्राज्यीय नाके व 59 मोबाईल टीमों का गठन किया गया है। विभाग की विभिन्न टीमों ने सीमावर्ती क्षेत्रों, और प्रदेश के भीतर अवैध शराब का कारोबार करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की तैयारी की है। सभी गठित टीमों को चौबीसों घंटे कार्रवाई के लिए चौकन्ना रहने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि अवैध शराब और कर चोरी के मामलो में जीरो टॉलरेंस की नीति सुनिश्चित की जा सके। राज्य कर व आबकारी विभाग के आयुक्त युनुस ने बताया कि अवैध शराब के विरूद्व इस तरह की कार्रवाई प्रदेश भर में की जा रही है ताकि शराब के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाया जा सके।

कार्यशाला

प्रदेश के स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा मंथन पर कार्यशाला का आज शिमला में दूसरा दिन है। कार्यशाला का शुभारम्भ कल शिक्षा विभाग के सचिव राकेश कंवर ने किया। कार्यशाला में व्यावसायिक शिक्षा की चुनौतियों के साथ ही पर्यटन व आतिथ्य, दूरसंचार, स्वास्थ्य, ऑटोमोबाइल, कृषि और प्राइवेट सिक्योरिटी क्षेत्रों में संभावनाओं पर मंथन किया जा रहा है। राज्य समग्र शिक्षा परियोजना के निदेशक राजेश शर्मा ने बताया कि प्रदेश के एक हज़ार 2 सौ 74 सीनियर सैकंडरी स्कूलों के करीब 95 हज़ार विद्यार्थियों को 16 ट्रेड में प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वोकेशनल ट्रेनिंग से ये विद्यार्थी बारहवीं कक्षा के बाद आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेंगे। राजेश शर्मा ने कहा कि बेरोज़गारी का सामना करने के

लिए वोकेशनल ट्रेनिंग बेहद आवश्यक है और इसी उद्देश्य से कार्यशाला में पाठ्यक्रम तैयार करने संबंधी विषयों पर मंथन कर इसे सरकार के समक्ष रखा जाएगा। कार्यशाला में 50 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।

जागरुकता कार्यक्रम

हमीरपुर जिले के राजकीय महाविद्यालय भोरंज में भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरुकता कार्यक्रम 'स्वीप' के तहत कल एक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एस.डी.एम व भोरंज के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संजय कुमार ने छात्र–छात्राओं को चुनावी प्रक्रिया के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने सभी छात्र–छात्राओं से लोकसभा चुनाव 2024 में बढ़–चढ़ कर भागीदारी करने का आह्वान किया, ताकि भोरंज विधानसभा क्षेत्र में मतदान का प्रतिशत पिछले चुनावों की अपेक्षा अधिक हो।

और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियो पर....

आज लगभग सभी समाचार पत्रों ने सुर्पीमकोर्ट और चुनाव आयोग से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की सुर्खी है–बागियों को आयोग्य ठहराने के फैसले पर रोक से इंकार। पंजाब केसरी का शीर्षक है–हिमाचल के बागियों को सुप्रीम कोर्ट का झटका, स्पीकर के फैसले को पलटने से किया इंकार। दैनिक भास्कर के अनुसार–बागी विधायकों की अयोग्यता पर रोक नहीं, सदन की कार्यवाही में नहीं होंगे शामिल, विस स्पीकर को नोटिस। दिव्य हिमाचल ने लिखा है–बागी विधायकों को झटका सुप्रीम कोर्ट ने अयोग्यता पर रोक लगाने की गुहार ठुकराई, 6 मई को अगली सुनवाई। हिमाचल दस्तक ने सुर्खी दी है– 6 बागियों की अयोग्यता बरकरार सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत। दैनिक सवेरा टाइम्स और आपका फैसला का लगभग एक जैसा शीर्षक है–बागी विधायकों को अयोग्य ठहराने के फैसले पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार। दैनिक जागरण ने लिखा है– 6 अयोग्य घेषित विधायकों को राहत नहीं। चुनाव आयोग से जुड़ी खबर पर पंजाब केसरी की सुर्खी है–बंगाल के डीजीपी व हिमाचल समेत 6 राज्यों के गृह सचिवों को हटाने के आदेश।

अमर उजाला, दिव्य हिमाचल और हिमाचल दस्तक का लगभग एक जैसा ही शीर्षक है–चुनाव आयोग ने हिमाचल प्रदेश समेत 6 राज्यों के गृह सचिव हटाए। आपका फैसला का शीर्षक है–चुनाव से पहले इलेक्शन कमीशन का बड़ा एक्शनः यूपी–गुजरात समेत 6 राज्यों के गृह सचिवों को हटाने का दिया आदेश। दैनिक सवेरा टाइम्स के अनुसार–चुनाव आयोग ने हिमाचल के गृह सचिव को चुनाव डयूटी से हटाने का आदेश दिया।

भाजपा विधायकों ने दिया कंटेंप्ट नोटिस का जबाव शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है –जबाव दायर करने से पहले नेता प्रतिपक्ष जयराम की अध्यक्षता में विधायक दल की बैठक में हुई चर्चा। मौसम पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है–हिमालय पर तापमान एक डिग्री बढ़ने से बर्फबारी डेढ़ महीने आगे खिसकी। आपका फैसला का शीर्षक है–हिमाचल के कई भागों में 5 दिन बारिश, बर्फबारी की संभावना।

——————————————